दैनिक

RNI No. MPHIN/2018/77427

सच कहने का साहस

# चम्बल नवराष्ट्र

web portal : cnnews.co.in | Email : guptavineet087@gmail.com | Share Events & News 8889307028

वर्ष -6 अंक-323 | भोपाल, मंगलवार 05 नवम्बर 2024 | पृष्ठ -8 मूल्य-2.00

### मोदी झारखंड में भ्रष्टाचार पर बोले,

## हेमंत का जिक्र नहीं: JMM, राजद-कांग्रेस को परिवारवादी कहा; पर भाजपा ने 18 सीटों पर नेताओं के रिश्तेदारों को उतारा

**गढ़वा/चाईबासाष।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को झारखंड विधानसभा के पहले फेज में होने वाली 43 सीटों पर चुनाव के लिए गढ़वा और चाईबासा में दो रैलियां करने पहुंचे हैं। पहली रैली गढ़वा के चेतना गांव में श्रीकृष्ण गौशाला मैदान में हो रही है। यह आजादी के बाद गढ़वा में पहली बार किसी प्रधानमंत्री की चुनावी सभा है।

प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ लोग जो यहां बैठे हैं वो कहते थे हमारी छाती पर झारखंड बनेगा। उनकी छाती पर झारखंड बन गया लेकिन झारखंड के कुछ नेता उनकी गोदी में जाकर बैठ गए। पीएम का इशारा लालू प्रसाद यादव और हेमंत सोरेन पर था।मोदी ने हेमंत सोरेन का नाम लिए बिना उनके और उनके मंत्रियों के भ्रष्टाचार का जिक्र किया। उन्होंने कहा- मंत्री, विधायक हर कोई भ्रष्टाचार में शामिल है। एक मंत्री के घर से नोटों का पहाड़ निकला। मैंने भी पहली बार नोटों का पहाड़ टीवी पर देखा। मोदी ने परिवारवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- JMM, राजद और कांग्रेस तीनों ही पार्टियां घोर परिवारवादी हैं। ये चाहती हैं कि सत्ता की चाबी हमारे परिवार के हाथ में ही रहे, हालांकि खुद भाजपा ने इस बार 68 में से 18 सीटों पर नेताओं के रिश्तेदारों को टिकट दिया है। वहीं



INDIA ब्लॉक ने 20 सीटों पर नेताओं के रिश्तेदारों को उतारा है।

मोदी बोले- पिछले 10 वर्षों में झारखंड के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बहुत फोकस किया गया। झारखंड को देश के दूसरे हिस्सों से जोड़ने वाली सड़कों को आधुनिक और चौड़ा किया जा रहा है। यहां रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाई जा रही है। 12 आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें कनेक्ट कर रही हैं। गंगा जी पर जो वाटर-वे बन रहा है उससे भी झारखंड कनेक्टेड है। गैस पाइपलाइन झारखंड वालों को सस्ती गैस पहुंचाने में मदद कर रही है। झारखंड के किसानों और उद्योगों को बल देने के लिए केंद्र सरकार अपनी तरफ से हर कोशिश कर रही है। ये तब है जब झारखंड की जेएमएम सरकार ने विकास के हर काम में रोड़े अटकाने की कोशिश की है, लेकिन हम ईमानदारी से झारखंड के विकास का हर काम कर रहे हैं। मोदी बोले- झारखंड बीजेपी का संकल्प पत्र रोटी, बेटी और माटी के सम्मान और सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है।

### दिल्ली में बीजेपी को फिर झटका, 2 बार भाजपा से पार्षद रहे बीबी त्यागी आप में शामिल



**नई दिल्ली।** दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी तैयारियों में जुटी हुई है। एक बार फिर दिल्ली में भाजपा को आप में झटका दे दिया है। दो बार भाजपा से पार्षद और स्टैंडिंग कमिटी चेयरमैन रह चुके बीबी त्यागी आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। मनीष सिसोदिया ने आम आदमी पार्टी में शामिल कराया है। बीबी त्यागी 2015 में लक्ष्मी नगर विधानसभा चुनाव बीजेपी से लड़ चुके हैं और मात्र पांच हजार से आप उम्मीदवार नितिन त्यागी से हारे थे। लक्ष्मी नगर से आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक और 2020 में उम्मीदवार रहे नितिन त्यागी भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले सत्र में हंगामा

### पीडीपी विधायक ने 370 हटाने के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, भाजपा का विरोध

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को विधानसभा सत्र का पहला दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ। दरअसल, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वाहिद पारा ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को खत्म करने के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। इसके विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन में जमकर हंगामा किया। कुछ विधायक वेल में भी पहुंच गए।



इस पर स्पीकर रहीम अब्दुल राथर ने कहा कि उन्होंने अभी तक ऐसे किसी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। मुख्यमंत्री उमार अब्दुल्ला ने कहा कि, सदन 370 पर कैसे चर्चा करेगा। इसका फैसला कोई एक सदस्य नहीं लेगा। आज लाए गए प्रस्ताव का कोई महत्व नहीं है। अगर इसके पीछे कोई उद्देश्य होता, तो पीडीपी के विधायक पहले हमसे इस पर चर्चा करते। अब्दुल्ला ने कहा- भाजपा से अनुच्छेद 370 को बहाल करने की उम्मीद करना मूर्खता है। हमें पता था कि 370 पर एक प्रस्ताव आने वाला है। वास्तविकता यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग केंद्र सरकार के 5 अगस्त, 2019 को लिए गए निर्णय को स्वीकार नहीं करते हैं। अगर उन्होंने इसे स्वीकार किया होता, तो आज परिणाम अलग होते।

हंगामे से पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस के सीनियर विधायक अब्दुल रहीम राथर को स्पीकर पद के लिए चुन लिया गया है। प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने राथर के नाम का प्रस्ताव पेश किया, जो पास भी हो गया है। राथर सातवीं बार विधायक बने हैं और केंद्र शासित प्रदेश की पहली विधानसभा में सबसे उम्रदराज विधायक हैं।

## आगरा में वायु सेना का मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त

### पायलट और को-पायलट ने कूदकर बचाई जान

**आगरा।** आगरा में सोमवार को वायु सेना का विमान मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट और को-पायलट ने कूदकर जान बचाई। वायुसेना की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान तकनीकि खराबी आने से ये हादसा हुआ। इस पूरा हादसे की जांच कराई जाएगी।



बताया जा रहा है कि हादसे के बाद पायलट और उसके साथी दो किलोमीटर दूर मिले हैं। गनीमत रही कि पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को कागारौल के सोनिगा गांव के पास खाली खेतों में गिराया। यदि आबादी वाले हिस्से में विमान क्रैश होता तो बड़ी क्षति हो सकती थी।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक यह मिग-29 विमान था, जो पंजाब के आदमपुर से उड़ा था। फिलहाल घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ है। मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया है।

थाना कागरोल क्षेत्र के गांव बघा और बहा के बीच में किसान बॉबी के खेत में यह विमान क्रैश हुआ है। स्थानीय निवासी अजय चाहर ने बताया कि आज का जला हुआ विमान उनके गांव नारोल के ऊपर होकर गुजरा था, पायलट की सूझबूझ से विमान गांव पर नहीं गिरा नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। एयरफोर्स की टीम मौके पर पहुंच गई है। फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

## यूपी, पंजाब, केरल में उपचुनाव की तारीख बदली: 14 सीटों पर अब 13 की जगह 20 नवंबर को वोटिंग

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदल गई है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि तीनों राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर अब 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को ही आएंगे।

चुनाव आयोग के मुताबिक उत्तर प्रदेश की 9, पंजाब की 4 और केरल की 1 विधानसभा सीटों पर अब 20 नवंबर को वोटिंग होगी। तारीखों में बदलाव भाजपा, कांग्रेस, RLD और बसपा की मांग पर की गई है। इन पार्टियों का कहना था कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व है। वहीं, केरल में 13 से 15 नवंबर तक कलपाथि रास्थोलसेवम मनाया जाएगा। इससे वोटिंग पर असर पड़ता। 20 नवंबर को ही महाराष्ट्र विधानसभा की 288 और झारखंड की 38 सीटों पर चुनाव होंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर इसी दिन उपचुनाव है।

चुनाव आयोग के आज की घोषणा में 11 राज्यों की 33 सीटों पर तारीख में बदलाव नहीं किया गया है। यानी यहां 13 नवंबर को ही वोटिंग होगी। इसी दिन झारखंड विधानसभा की 43 सीटों पर मतदान होंगे। इसके साथ ही केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव होंगे।

## उत्तराखंड में बस हादसा, 36 की मौत, 6 घायल

### कंडम बस में 42 लोग सवार थे, मोड़ पर अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में गिरी

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सोमवार सुबह 8 बजे एक यात्री बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 घायल हैं।हादसा अल्मोड़ा में मार्चुला के पास हुआ। बस में 42 यात्री सवार थे। पुलिस के मुताबिक मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। हादसे की वजह का पता नहीं चला है। बस मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिर गई।

कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बताया, बस नदी से करीब 10 फीट पहले पेड़ में फंसकर रुक गई। खाई में गिरने के दौरान झटके से कई यात्री खिड़कियों से बाहर जा गिरे। बस किनाथ से रामनगर जा रही थी।



दिवाली की छुट्टी के बाद सोमवार को पहला वर्किंग डे था। इसलिए बस पूरी भरी हुई थी। ज्यादातर स्थानीय लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि बस गढ़वाल मोटर्स ओनर्स यूनियन लिमिटेड की थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि बस की हालत बेहद खराब थी।

हादसे के बाद सीएम धामी और सांसद अनिल बलूनी उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए। वह दिल्ली में भाजपा की एक बड़ी बैठक में शामिल होने के लिए गए थे। इधर, कमिश्नर दीपक रावत ने बताया- 4 गंभीर घायलों को हेलिकॉप्टर से एम्स में भर्ती कराया गया है। सीएम धामी बस हादसे के करीब 9 घंटे बाद रामनगर के रामदत्त जोशी राजकीय संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे। उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा। मरीजों के तीमारदारों ने स्थानीय युवकों के साथ मिलकर सीएम का काफिला रोक लिया। गाड़ी के आगे बैठ गए। पुलिस ने किसी तरह मुख्यमंत्री के काफिले को अस्पताल से बाहर निकाला।

# ईव्हीएम कमिशनिंग के लिए प्रशिक्षण संपन्न

## पॉलीटेक्निक में 5 नवंबर से होगा कमिशनिंग कार्य

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल ने शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में आयोजित ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग के लिए आयोजित प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि ईव्हीएम कमिशनिंग कार्य के लिए नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी मास्टर ट्रेनर के माध्यम से गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्रदान करें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, मास्टर ट्रेनर श्री ओपी शर्मा, श्री सुशील दुबे, श्री रमेश भारद्वाज, सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर, सहायक नोडल प्रशिक्षण श्री राघवेन्द्र त्यागी, श्री राजकुमार पाराशर, श्री गिर्राज मीणा आदि उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि ईव्हीएम मशीनों की कमिशनिंग का कार्य एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन में 11 अभ्यर्थी निर्वाचन लड रहे है, इस प्रकार 11 अभ्यर्थी तथा एक नोटा सहित ईव्हीएम के कुल 12 बटन खुले रहेगे। उन्होने कहा कि कमिशनिंग कार्य के दौरान सर्तकता के साथ कार्य किया जाये तथा ईव्हीएम की सीयू तथा वीयू एवं वीवीपीएटी मशीनों के सेट नंबर रेंडमाईजेशन अनुसार चैक कर लिये जायें। किसी भी बात पर शंका हो तो उसका समाधान मास्टर ट्रेनर के माध्यम से सुनिश्चित कर लिया जाये। इसी प्रकार कमिशनिंग के दौरान भी असमंजस की स्थिति हो तो वहां मौजूद मास्टर ट्रेनर्स की सहायता लेकर अपनी शंकाओं का समाधान सुनिश्चित कर लें। कमिशनिंग कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे, इसके लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा चैक लिस्ट भी तैयार की गई है, चैक लिस्ट अनुसार एक बार फिर से प्रक्रिया को चैक कर लिया जाये।

### पॉलीटेक्निक में 5 नवंबर से होगा कमिशनिंग कार्य

ईव्हीएम मशीनो की कमिशनिंग का कार्य राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों तथा अभ्यर्थियों के निर्वाचन अभिकर्ताओ की उपस्थिति में 5 नवंबर से किया जायेगा। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में कमिशनिंग के लिए 30 टेबिल लगाई गई है, कमिशनिंग का कार्य प्रातः 10.30 बजे से शुरू होगा।

# मतदाता जागरूकता हेतु नैतिक मतदान की शपथ



**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

स्वीप प्रभारी जिला पंचायत श्री राजकुमार पाराशर ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन में सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिये विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री एसपी भार्गव के नेतृत्व में कराहल विकासखंड के कन्या विद्यालय कराहल, आवदा, सेसईपुरा, पहेला, सिलपुरी, सारसिल्ला, सलमान्या, सुबकरा, गोरस, बुखारी सहित सभी हायर सैकण्डरी एवं हाईस्कूलों में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता हेतु सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में नैतिक मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इसमें विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्टॉफ सहित सभी कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों ने भाग लिया।

# प्रधान जिला न्यायाधीश श्री गुप्त ने बाईक रैली को दिखाई हरी झंडी



प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राकेश कुमार गुप्त द्वारा जिला न्यायालय परिसर से बाईक रैली को हरी इण्डी दिखाकर विधिक सेवा सप्ताह का शुभांरभ किया गया।

**श्योपुर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर श्री राकेश कुमार गुप्त की अध्यक्षता में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के अतंर्गत आज एडीआर भवन श्योपुर में समारोहपूर्वक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा माननीय

उक्त सप्ताह के शुभांरभ के फलस्वरूप आयोजित बाईक रैली न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर गुलम्बर, नगरपालिका से होती हुई यातायात पुलिस थाने पर समाप्त की गई। बाईक रैली में यातायात विभाग, पुलिस विभाग, पैरालीगल वालेंटियर्स (अधिकारमित्र) एवं लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स (न्याय रक्षक), पैनल अधिवक्ता एवं ग्रामीण स्वालंबन समिति के जिला समन्वयक व जन साथीगण द्वारा सहभागिता की गई।

# विजयपुर में होम वोटर्स के लिए वोटिंग आज

**श्योपुर।** विधानसभा क्षेत्र विजयपुर में होम वोटर्स के लिए वोट डालने की प्रक्रिया आज 05 नवंबर को होगी, इसके उपरांत शेष रहे मतदाताओ के लिए 7 नवंबर से फिर से होम वोटिंग कराई जायेगी।

रिटर्निग आफिसर विजयपुर श्री उदयवीर सिंह सिकरवार ने बताया कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में होम वोटर्स के लिए 05 एवं 07 नवंबर को वोटिंग कराई जायेगी। इसके लिए 16 मतदान दल गठित किये गये है, जो घर-घर जाकर बैलेट के माध्यम से वोटिंग करायेगे। 5 नवंबर को यदि कोई होम वोटर्स किसी कारणवश वोट नही डाल पाता है तो उसके लिए 7 नवंबर को वोटिंग कराई जायेगी। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 217 होम वोटर्स है, जिनमें 85 प्लस के 122 तथा पीडब्ल्यूडी वोटर्स की संख्या 95 है।

# जौरा में 600 किसानों को 1200 बैग डीएपी के वितरित किए

**जौरा (चम्बल नवराष्ट्र)।** जौरा अब जिले भर में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने की बात कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कही है वहीं सोमवार को 600 किसानों को 1200 बैग डी ए पी के साथ एसपी एवं यूरिया खाद का वितरण किया गया 4 नवंबर को तहसील वितरण केंद्र पर खाद लेने आए किसानों की आधार कार्ड खाद वितरण केंद्र के कर्मचारी एवं प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा द्वारा जमा कराए गए कृषि विस्तार अधिकारी विष्णु पाल सिंह जादौन से मिली जानकारी के अनुसार खाद वितरण केंद्र पर दो दिन पूर्व पर्याप्त मात्रा में डीएपी सहित अन्य खाद उपलब्ध हो गया था दीपावली के अवकाश के बाद सोमवार को 600 किसानों को 1200 बैग डीएपी 600 बैग एसपी एवं 1800 बैग यूरिया खाद के वितरित किए गए वहीं सोमवार को 450 किसान के आधार कार्ड भी दो से तीन दिन बाद के लिए जमा कराए गए जादौन का या भी कहना है कि प्रति आधार कार्ड दो डीएपी एक एसपी एवं तीन यूरिया खाद के बैग दिए जा रहे हैं अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप सिंह तोमर ने भी खाद गोदाम पर जाकर निरीक्षण किया गया तथा किसानों से खाद मिलने को लेकर पूछताछ भी की गई



वहीं कलेक्टर अंकित अस्थाना का कहना है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो रहा है ऊपर से खाद रैक आने से खाद की किल्लत बिल्कुल भी नहीं है

# सड़कों पर आवारा पशु रोज हो रहे हैं हादसे जिम्मेदार निष्क्रिय

जौरा (चम्बल नवराष्ट्र) । जौरा सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा राहगीर आम जनों के लिए मौत का सबक बना हुआ है इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासन अधिकारी कर्मचारी निष्क्रिय बने हुए हैं जौरा नगर की प्रत्येक गली मोहल्ले एवं एमएस रोड पगारा रोड पर दर्जनों आवारा पशु का जमावड़ा वाहन चालक पैदल राहगीर विशेष कर दो पहिया वाहन चालकों के लिए मौत का सबब बना हुआ है पिछले 6 महीने में दर्जन भर से अधिक बाइक सवार मौत के गाल में समा चुके हैं जबकि कई दर्जन अपने हाथ पैर तुड़वाकर घायल हो चुके हैं इसके पीछे बीच सड़क पर इन आवारा पशुओं का आतंक एवं जमावड़ा है एमएस रोड पर देखा जाए तो हर जगह यह आवारा पशु बीच सड़क पर बैठे मिलेंगे कई बार स्थिति या होती है जब बाइक सवार या अन्य वाहन सवार निकलते हैं तो इसे टकरा भी जाते हैं जब यह आवारा पशु आपस में लड़ते हैं तब



तो स्थिति और भी खतरनाक बनी रहती है बगल से कोई भी राहगीर बाइक सवार निकला तो उससे टकराकर एक्सीडेंट हो जाते हैं और समय ही मौत के गाल में राहगीर बाइक सवार समा जाते हैं हाल ही में प्रदेश की मुखिया द्वारा इन आवारा पशुओं को गौशाला में भिजवाने की आदेश भी दिए हैं लेकिन अभी तक प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेश का कहीं भी पालन होता नजर नहीं आ रहा है नगर की एमएस रोड का तिकोनिया पार्क स्थान हो या फिर थाने के सामने पगारा रोड हो या फिर पार्क के सामने हर जगह आवारा पशु सड़कों पर बैठे नजर आएंगे वहीं नगर के चाहे पचबीघा क्षेत्र हो तहसील चौराहा हो चंद्रशेखर आजाद रोड हो बनिया पड़ा हो ऑफीसर कॉलोनी हो हर जगह आवारा पशु उत्पाद मचाते हुए देखे जा सकते हैं सब्जी मंडी में प्रतिदिन किसी न किसी नागरिक को यह आवारा पशु घायल कर ही देते हैं इसके बावजूद इनको बीच बाजारो एमएस रोड से गौशालाओं में ले जाने की प्रयास अभी तक जिम्मेदार कर्ताधर्ताओं के नजर नहीं आए हैं

# न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत बंदियों को किया कानूनी रूप से जागरूक

**श्योपुर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश कुमार गुप्त के आदेश के पालन में जिला प्राधिकरण, श्योपुर द्वारा गठित टीम पैरालीगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र) एवं लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स (न्याय रक्षक)/पैनल अधिवक्ता एवं न्यायाधीशगण द्वारा न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला जेल श्योपुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।




उक्त शिविर में जेल में निरूद्ध बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 के तहत निःशुल्क विधिक सहायता, माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एसएमडब्ल्यूपी (सीआरएल) नंबर 04/2021 में पारित आदेश दिनांक 29.11.2022 एवं 31.01.2023 के अंतर्गत जमानत संबंधी नियम, बंदियो की पेशी, प्लीबार्गेनिंग, पैरोल का अधिकार, प्रत्येक बंदी को प्रदत्त विधिक सहायता मामले की प्रगति से अवगत कराया गया व उनके स्वास्थ्य संबंधी, व अन्य समस्याओं के बारे में भी पूछा गया। साथ ही बंदियों को दिन-प्रतिदिन मिलने वाले भोजन ठीक तरह से उपलब्ध हो रहा है या नहीं? के बारे में भी पूछा गया। इसी के साथ ही जिला जेल, में बंदियों के बेरिक, पाकशाला, वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष का निरीक्षण किया गया।

उक्त शिविर में श्री लीलाधर सौलंकी, विशेष न्यायाधीश, श्रीमती मनदीप कौर सेहमी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री व्ही.एस. मौर्य, जेल अधीक्षक, जिला जेल, श्री एमडी सोनी चीफ, लीगल एड डिफेंस श्योपुर, श्री माधौ खान डिप्टी चीफ, श्री अमर पाटिल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल्स, श्री नकुल जैन, पैनल अधिवक्ता, श्री दीपक कुमार गोयल, पैनल अधिवक्ता, श्री भारत भूषण पाईग, पैरालीगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र) व श्री हनुमान तिवारी पैरालीगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र), श्रीमती संगीता गुप्ता पैरालीगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र) एवं अन्य जेल स्टॉफ व बंदीगण उपस्थित रहें।

# ऐसे नवाचार करें जिससे किसानों की आय बढ़े : कृषि उत्पादन आयुक्त

## संभागीय बैठक में हुई कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य पालन व खेती से जुड़े अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा

**ग्वालियर ।** सकारात्मक सोच के साथ विभागीय योजनाओं के लक्ष्य हासिल करने के प्रयास करें। लक्ष्य छोटे-छोटे और निगरानी आधारित हों, जिससे सरकार की योजनायें गुणवत्ता के साथ मूर्तरूप लें और किसानों की आय बढ़े। यह बात कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान ने मौजूदा खरीफ उत्पादन की समीक्षा एवं रबी कार्यक्रम निर्धारण के लिए आयोजित हुई संभागीय बैठक में कही। उन्होंने कहा कृषि एवं उससे जुड़े विभागों में ऐसे नवाचार करें, जिससे किसानों के लिये खेती हर तरह से लाभकारी बने।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त सुलेमान ने ग्वालियर-चंबल संभाग के जिला कलेक्टर और विभागीय अधिकारियों से कहा कि हमारे प्रयास ऐसे हों, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान कृषि यंत्रीकरण, उद्यानिकी, पशुपालन, मुर्गी पालन, सहकारिता एवं मत्स्य पालन योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ा सकें। साथ ही कहा कि किसानों को उन्नत खेती के लिये प्रोत्साहित करें, जिससे उनकी आमदनी दुगुनी हो। कृषि उत्पादन आयुक्त सुलेमान ने कहा खाद की कोई कमी नहीं है, वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने की जरूरत है। साथ ही मॉनीटरिंग की पुख्ता व्यवस्था हो, जिससे मानक खाद ही बाजार में पहुँचे। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि विशेषज्ञों के माध्यम से किसानों को समझाएं कि अच्छे उत्पादन के लिये फसलों को किन-किन पोषक तत्वों की जरूरत होती है और किस खाद में कौन-कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिससे वे किसी एक ही खाद का उपयोग न करें।

कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में हुए शोधों से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि नरवाई (पराली) जलाने से पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और खेती की उत्पादन क्षमता घट जाती है। साथ ही पर्यावरण



को भी नुकसान पहुँचता है। उन्होंने कहा कि सुपर सीडर व हैप्पी सीडर यंत्रों के माध्यम से नरवाई का आसानी से प्रबंधन किया जा सकता है। सरकार द्वारा इन दोनों यंत्रों को क्रय करने पर बड़ा अनुदान दिया जाता है। एक से दो साल के भीतर इसकी लागत निकल आती है। श्री सुलेमान ने व्यापक स्तर पर जन जागरण कार्यक्रम चलाकर नरवाई प्रबंधन को सामाजिक आंदोलन बनाने की बात कही।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि किसानों की उन्नति के लिए सहकारी बैंकों का मजबूत होना जरूरी है। इसलिए सभी जिला कलेक्टर अपने-अपने जिलों के कॉपरेटिव बैंक के बिजनेस को बढ़ाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करें। उन्होंने सहकारी बैंकों की वर्तमान स्थिति पर नाराजगी जताई। साथ ही निर्देश दिए कि कॉपरेटिव बैंक की जिन शाखाओं में वसूली एवं ऋण वितरण व डिपोजिट का काम अच्छा नहीं है वहाँ के कर्मचारियों की सेवायें समाप्त करने की विधिवत कार्रवाई की जाए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा हर जिले के समस्त गांव प्राथमिक सहकारी समितियों के दायरे में होना चाहिए। उन्होंने सभी जिला कलेक्टर को निर्देश दिए कि जिन गाँवों में प्राथमिक सहकारी समिति नहीं है वहाँ क्षेत्रीय जरूरत के मुताबिक सहकारी समितियों का गठन कराएं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने एक माह के भीतर सभी जिलों में सहकारी समितियों का ऑडिट कराने के निर्देश भी बैठक में दिए। साथ ही कहा कि सहकारी समितियों की मजबूती के लिये शासकीय योजनाओं का डिपोजिट भी कराएं।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव सहकारिता अशोक कुमार वर्णवाल ने जानकारी दी कि सरकार ने प्राथमिक सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शासन ने प्रभावी पहल की है। जिसके तहत सहकारी समितियों को पेट्रोल पम्प, गैस एजेंसी, जन औषधि केन्द्र, भण्डारण का कार्य कृषि उपज का विपणन, बिजनेस कलेक्शन इत्यादि आर्थिक गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी दी जायेगी। उन्होंने सभी जिला कलेक्टर से अपने-अपने जिलों में स्थानीय परिस्थिति के अनुसार प्राथमिक सहकारी समितियों से इन आर्थिक गतिविधियों के लिये पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कराने के लिये कहा।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने में उद्यानिकी फसलें सबसे बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। उद्यानिकी फसल लगाने में पहली साल खर्चा जरूर आता है, लेकिन आगे चलकर ये फसलें किसानों के लिये बड़ी फायदेमंद साबित होती हैं। इसके लिये सरकार अनुदान भी देती है। इसलिए अधिक से अधिक किसानों को उद्यानिकी फसलों से जोड़ें।

# निगम ने दो बीघा जमीन से हटाया अतिक्रमण



**ग्वालियर।** निगम की भूमि पर अवैध कब्जा कर घर मकान दुकान बनाकर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ निगम का अमला लगातार कार्यवाही कर रहा है। अपनी कार्यवाही के तहत निगम का अमला नगर निगम की संपत्ति से अतिक्रमण हटा रहा है। जिसके तहत सोमवार को पुरानी छावनी क्षेत्र में दो बीघा नगर निगम की भूमि से अवैध कब्जा निगम के अधिकारियों ने हटवाया।

प्रभारी उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव ने बताया कि नगर निगम की सम्पत्तियों से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके तहत सोमवार को वार्ड 64 स्थित पुरानी छावनी एबी रोड तोमर पेट्रोल पंप के सामने नगर निगम दो बीघा भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। दो बीघा भूमि पर सडक किनारे छह दुकान, हाथ ठेला, धुलाई सेंटर, पंचर की दुकान, मुर्गा सेंटर ताजा मीट, ओटो सर्विस सेंटर आदि का अतिक्रमण हटाया गया है। कार्यवाही के दौरान मदाखलत अमला मौजूद रहा।

## पंजाबी परिषद चंबल संभाग का दीपावली मिलन आज

**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )।** पंजाबी परिषद चंबल संभाग कादीपावली मिलन समारोह आज 5 नवंबर को दोपहर 11ः00 बजे से होटल शाह इंपीरियल शिंदे की छावनी में किया जाएगा कार्यक्रम को लेकर अध्यक्ष कन्हैया लाल आनंद एवं महिला अध्यक्ष कुसुम भसीन,संरक्षक अशोक सहगल, केवल कृष्णा सूरी, तिलक राज बेरी , राजकुमार अरोड़ा, नरेंद्र बेदी मीडिया प्रभारी राजू पंडित ने बताया की कार्यक्रम में चंबल संभाग की सभी बिरादरियों के आजीवन सदस्य एवं पंजाबी बिरादरियों के अध्यक्ष एवं सचिव परिवार सहित पारंपरिक वेशभूषा में दीपावली पर्व की पूजा अर्चना करेंगे एवं सभी का चंदन तिलक कर स्वागत किया जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाबी परिषद चंबल संभाग के मिलापचंद विरमानी होंगे।

# सकल ब्राह्मण महासमिति ने डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया

**ग्वालियर( चम्बल नवराष्ट्र )** सकल ब्राह्मण महासमिति, ग्वालियर ने महर्षि विश्वामित्र जयंती पर मां संतोषी भवन, लक्ष्मीबाई कॉलोनी में ब्राह्मण बालक-बालिकाओं के निशुल्क अध्ययन के लिए श्री प्रभु शांति लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर दंदरौआ सरकार रामदास जी महाराज एवं पूर्व मंत्री पूर्व सांसद अनूप मिश्रा के संदेश वाचन के बाद ब्राह्मण समाज के प्रमुख समाजसेवियों ने भगवान परशुराम एवं महर्षि विश्वामित्र जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।सकल ब्राह्मण महासमिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा ने कहा कि यह लाइब्रेरी मध्य प्रदेश में ब्राह्मणों के लिए पहली निशुल्क डिजिटल लाइब्रेरी है।

मुख्य वक्ता पंडित गिरिराज गुरु



जी ने महर्षि विश्वामित्र जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके जीवन गाथा को पढ़कर नेगेटिव सोच को छोड़कर पॉजिटिव सोचने लगता है।

सकल ब्राह्मण महासमिति का 6 नवंबर को दीपावली मिलन अनुकूल एवं विद्वान सम्मान समारोह प्रधान कार्यालय एजेंसी नाले पर फुटबॉल पर आयोजित किया गया है, जिसमें सभी मातृशक्ति युवाओं को निशुल्क अन्नकूट दिया जाएगा। संचालन श्रीमती रेनू शर्मा ने किया और आभार डॉ मुन्ना लाल शर्मा ने माना।

# गलती हो जाए तो प्रायश्चित जरूर करें: -पंडित श्री देवेंद्र शास्त्री जी

**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )।** श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. श्री देवेंद्र शास्त्री जीमहाराज ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चात में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। उन्होंने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित




जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये पंडित देवेंद्र शास्त्री जी महाराज ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान ना हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा में देवेंद्र शास्त्री महाराज ने कहा सत्संग करने से भगवान प्रसन्न होते हैं संसार में सत्य कहां है संसार में जो कमाया वह स्वयं के लिए कमाए लेकिन परमात्मा अकेला ही सत्य है बाकी सब झूठ है ।

## मेले की प्रशासनिक समिति की बैठक आज

**ग्वालियर ( चम्बल नवराष्ट्र )** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला आयोजन की तैयारियाँ जारी हैं। मेले की तैयारियों की समीक्षा के सिलसिले में आज 5 नवम्बर को प्रशासनिक समिति की बैठक रखी गई है। इस दिन यह बैठक संभाग आयुक्त मनोज खत्री की अध्यक्षता में अपरान्ह 4 बजे ग्वालियर विकास प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन में रखी गई है।

## निरीक्षण पर निकले निगम आयुक्त ने अवैध वाहन धुलाई सेंटर कराया बंद

**ग्वालियर।** सोमवार को निरीक्षण पर निकले निगम आयुक्त को जब पुरानी छावनी मुख्य रोड पर अवैध वाहन धुलाई सेंटर संचालित होता दिखा और उसमें वाहनों की धुलाई की जा रही थी तो निगमायुक्त आंखें तरेरी और उसे तत्काल बंद कराकर दो ट्रैक्टर एवं एक अन्य लोडिंग वाहन जब्त कर धुलाई सेंटर हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

# सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करें: निगम आयुक्त



**ग्वालियर ।** शहर में साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सभी जोनल एवं वार्ड मॉनिटर प्रतिदिन अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण पर निकलें और सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें कहीं भी लापरवाही पाये जाने पर तत्काल संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित करें। इसके साथ ही आम नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक कर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित करें। यह निर्देश सोमवार को निगम आयुक्त अमन वैष्णव बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

बैठक में निगम आयुक्त अमन वैष्णव ने स्वच्छता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईईसी एक्टिविटी शहर में प्रारंभ की जाए और लोगों को प्रति स्वच्छता के जागरूक किया जाए। जिससे लोग सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करके कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। साथ ही सभी गाड़ियां केदारपुर प्लांट पर ही जाएं। इसके साथ ही प्रतिदिन सायं के समय वीसी के माध्यम से स्वच्छता के संबंध में बैठक को इसके लिए वीसी प्रारंभ करायें, जिससे प्रतिदिन स्वच्छता की समीक्षा की जा सकें। समय सीमा बैठक में न्यायालय के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी संबंधित ओआईसी को निर्देशित किया कि न्यायालय में कंटेम्प्ट के जितने भी प्रकरण है, उनमें जवाब प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही करें।

## संपादकीय

# जिम्मेदारी का करें अहसास


पहले से ही उम्मीद थी कि दीपावली के बाद प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होगी, वैसा हुआ भी। पहले से ही दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का संकट बढ़ा हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बार-बार हमारा ध्यान खींचती रहीं। पिछले दिनों खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के हैं। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिये जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, इस मौसम में हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही प्रदूषण की समस्या का समाधान संभव नहीं है। यह स्थिति तभी बदलेगी जब लोगों की तरफ से भी ईमानदार पहल होगी। अब चाहे बात राष्ट्रीय सरोकारों की हो, पानी संकट की हो या फिर प्रदूषण की हो। जब नागरिकों को अहसास होगा कि बिना पटाखे छुड़ाए भी खुशी मनायी जा सकती है तो हम समाज के लोगों, जीव-जंतुओं व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकेंगे। बात तब बनेगी जब हम बच्चों के पाठ्यक्रम में यह बात शामिल करेंगे कि उनके भविष्य के लिये पर्यावरण, पानी व हवा की रक्षा कितनी जरूरी है। बच्चों को अहसास कराएं कि जिस तरह से बड़े लोग पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, उससे उनके भविष्य के लिये पानी का संकट गहरा हो जाएगा। इसके लिये टीवी, प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाये जा सकते हैं। इस अभियान में सूचना माध्यमों की भी जवाबदेही तय करने की जरूरत है। दरअसल, ग्रीन ट्रिब्यूनल या अन्य प्रदूषण नियंत्रक संस्थाएं अकसर राज्यों के सचिवों व अधिकारियों को दंडित करने की बात करती हैं, लेकिन इससे समस्या का समाधान संभव नहीं है। दरअसल, जब तक नागरिकों व किसानों को जागरूक -जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा, तब तक स्थिति में बदलाव संभव नहीं है। हम भूल जाते हैं कि इस संकट को बढ़ाने में राजनीति की बड़ी भूमिका है। किसानों के मुद्दों को जोरशोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। दरअसल, बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले राजनेता तब कहां चले जाते हैं जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? सही मायनों में जहां पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं, वहां क्षेत्र के विधायकों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए कि वे क्षेत्र के किसानों को जागरूक क्यों नहीं कर पाते। क्यों वे पराली के निस्तारण के वैकल्पिक संसाधन उपलब्ध कराने में किसानों का सहयोग नहीं करते? विडंबना यही है कि वे वोट की राजनीति के प्रलोभन में पराली जलाने के खिलाफ आवाज उठाने में चुप्पी साध लेते हैं। उनके खिलाफ भी तो लापरवाही के मामले दर्ज होने चाहिए। वहीं यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फ पराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाने, शैक्षिक पाठ्यक्रम में प्रदूषण-पर्यावरण के मुद्दे शामिल करने तथा तंत्र की जवाबदेही तय करना प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि हम ऐसा करें तो साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण संकट पर किसी तरह लगाम लगाने में हम कामयाब हो सकते हैं। साथ ही हर साल वायु प्रदूषण से होने वाली लाखों मौतों को हम रोक पाने में कामयाब हो सकते हैं। शासन को भी आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से बचना होगा और दूरगामी प्रभावों वाली नीतियां लागू करनी होंगी।

# सफाई, मृत्यु प्रमाण जैसी 7 सेवाएं एक फोन पर होगी उपलब्ध

## ऐसी सुविधा देने वाली होगी प्रदेश की पहली सिरोंज नगरपालिका






**सिरोंज ( चम्बल नवराष्ट्र )** नगरपालिका ने एक हेल्प लाइन नंबर जारी किया है द्य स्वच्छता संबंधी कार्य, मृत्यु प्रमाण पत्र, आगजनी, सार्वजनिक जगह पर मृत पशु कि सूचना, स्ट्रीट लाइट, नल में पानी, शव वाहन इन सात सेवाओं को नगर पालिका अब फोन पर ही उपलब्ध करवा देगी द्य विगत दिनों सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर पालिका को निर्देश दिये थे कि कुछ जरुरी सेवाएं फोन पर उपलब्ध होना चाहिए लोग फालतू में नगरपालिका कार्यालय के चककर काटते रहते है, खाशकर मृत्यु प्रमाण पत्र, शव वाहन जैसे कामों के लिए लोगों को कार्यालय न आना पड़े उनका काम फोन से ही हो जाये द्य जिसके पालन मे हेल्प लाइन नंबर 07591253379 और वाट्सअप नंबर 7649854500 जारी कर दिये गये है द्य किसी के यहाँ मृत्यु हो जाये तो सिर्फ फोन करना है नगरपालिका कर्मचारी घर आकर फार्म भर ले जायेगा और 21दिन के भीतर घर पर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर दे जायेगा द्य प्रदेश में इस तरह की सुविधा देने वाली यह सिरोंज की एक मात्र नगरपालिका है द्यसिरोंज नगरपालिका की कुछ कमियां भी दिखाई दीं। रोज सुबह झाड़ू लगाने के बाद कचरा जमा कर उसे उठाने के बजाय कर्मचारियों द्वारा कचरे में आग लगा दी जाती है। इससे जहरीला धुआं उत्पन्न होता है और लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है।नगरपालिका सीएमो रामप्रकाश साहू ने ऐसा करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कही। साथ ही कहा कि जारी किए गए हेल्पलाइन और वाट्सअप नंबर पर वीडियो बनाकर डाल दीजिए। गलत काम करने वाले पर कार्रवाई होगी।

### इनका कहना -

अगर किसी के यहां मृत्यु हो जाती है तो आप नगरपालिका हेल्पलाइन नंबर पर कोल करेंगे तो हमारा नगरपालिका का कर्मचारी आप के घर पर पहुंचेंगे ओर जो भी सुविधाएं शासन की योजनाएंओ में शामिल होंगी उन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जाएगा।

**राम प्रकाश साहू**
**प्रभारी सीएमो नपा सिरोंज**

# प्राचीनतम नौ दिवसीय फर्नाजी मेले का विधिवत पूजा अर्चना कर किया शुभारंभ



**खाचरोद( चंबल नवराष्ट्र )** खाचरोद प्रति वर्ष जनपद पंचायत के माध्यम से आयोजित किए जाने वाले नौ दिवसीय प्राचीनतम देवनारायण फर्नाजी मेले का इस वर्ष भी दिनांक 4.11.2024 को भैरव महाराज को मदिरा अर्पित कर पूजा अर्पित कर विधिवत शुभारंभ जनपद अध्यक्ष श्री पृथ्वीराज सिंह पवार के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि मेले में आने वाले समस्त छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को कोई दिक्कत ना आए स्थानीय ग्राम वासी भी मेले में आने वाले हर एक व्यक्ति श्रद्धालुओं को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें साथ ही जनपद के कर्मचारी जिनकी ड्यूटी मेला व्यवस्था में लगाई गई है वह भी व्यापारियों की हर एक समस्या का समाधान करें और मित्रता का व्यवहार करें ताकि वर्षों से चले आ रहे हैं इस मेले की मधुर परंपरा बनी रहे वहीं व्यापारियों से अनुरोध है कि अच्छा व्यापार करें अच्छा सामान दे ताकि व्यापार अच्छा चले

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्या अर्पण कर दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया अतिथियों का स्वागत सरपंच भारत सिंह गुर्जर एवं मेला प्रभारी जयपाल सिंह गुर्जर ने किया विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष सोना देवीलाल चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष लाल सिंह बंजारी पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर के नीज सचिव स्वरूप नारायण चतुर्वेदी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पर्वत सिंह व राकेश बोडाना जनपद सदस्य विकास शर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष रामलाल धाकड़ व मांगी लाल पाटिदार रमेश खेड़ा मनोहर सिंह सरपंच अनोखी लाल पाटीदार बद्रीलाल नारेली गुलाब सिंह केसरिया उप सरपंच मानसिंह गुर्जर राजेन्द्र सिंह बाछाखेडी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे संचालन बंबीवाल ने तथा आभार नरेंद्र खेड़ाम ने व्यक्त किया

# पत्रकार पर हुए हमले में पुलिस अधिकारियों को बताए साक्ष्य

## सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों ने दी थी जान से मारने की धमकी

**रोहित चौहान**




**देपालपुर ( चम्बल नवराष्ट्र )** पत्रकार बलराम देसाई पर हुए जानलेवा हमले में नया खुलासा सीसीटीवी फुटेज आया सामने सीसीटीवी फुटेज कुछ दिन पूर्व का है, जिसमें कॉलोनाइजर के खासम खास चेतन जायसवाल बलराम देसाई के घर पर आकर कॉलोनी से दूर रहने की धमकी दी थी। और दूर नहीं रहने पर जान से मारने की भी धमकी दी थी। सीसीटीवी फुटेज आज ग्रामीण एसपी, एसडीओपी देपालपुर देपालपुर थाना आजाक थाना पर पत्रकार द्वारा सबूत के तौर पर दिया जाएगा और तलब यह है, की हफ्ते होने के बाद भी देपालपुर पुलिस के द्वारा किसी भी तरह की कोई भी कार्रवाई करती हुई नहीं दिख रही ? आज ही ग्रामीण एसपी से हुई बातचीत में एसपी द्वारा ठोस कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। हमला करने वाले कॉलोनाइजर के गुर्गे और कॉलोनी के खिलाफ जल्द टीएनसी और रेरा के कार्यालय में संपर्क कर शिकायत की जाएगी। इन वजहों से की नियमानुसार तालाब से 30 मीटर के दायरे के अंदर कोई निर्माण नहीं किया जा सकता है, और तालाब की पाल से 15 मीटर के दायरे के अंदर निर्माण किया नहीं किया जा सकता, जब की कॉलोनाइजर द्वारा तालाब की पाल को सड़क में समायोजित करते हुए सड़क का निर्माण किया गया है।जो कि इन दोनों नियम का पूरा उल्लंघन है । जब की टीएनसी के एन .ओ.सी.में पाल को बताया गया है , परंतु जिस पाल के अंदर तालाब है उस पर कोई भी जानकारी नहीं बताई गई है ,क्यों ये शोध का विषय तो बनता है । ऐसा ज्ञात होता है ,कि सिग्नेचर लैंडमार्क कॉलोनी को टीएनसी और अन्य विभागों ने पूरी जांच किए बगैर एनओसी जारी की गई। जब की भूमि पर वर्षों से जल जमाव रहा है ,वहां आज भी निर्माण अधीन कॉलोनी के दीवार तक पानी भरी हुई है, अगर विस्तृत जांच की जाती तो एनओसी नहीं दिया जाता। जल्द ही भू विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर में शिकायत कर भूमि की जांच के लिए आवेदन दिया जाएगा ।

# आष्टा मंडी में 5651 से हुआ सोयाबीन का मुहूर्त





**पवन वर्मा**

**आष्टा( चंबल नवराष्ट्र )।** प्रदेश स्तर पर पहचाने जानी वाली आष्टा मंडी में आज सोयाबीन की मुहूर्त खरीदी 5651? प्रति क्विंटल से हुई जिसे साहू ट्रेडिंग कंपनी द्वारा क्रय किया गया।

वर्षों पुरानी परंपरानुसार आज आष्टा मंडी के सभी व्यापारी मंडी स्थित मां लक्ष्मी के मंदिर में एकत्रित हुए एवं सामूहिक पूजा के पश्चात मंडी में जुलूस निकाल कर अपनी अपनी दुकान पर उत्साह पूर्व पूजन कर विधिवत नीलामी का कार्यक्रम प्रारंभ किया।

नीलाम मुहूर्त का पहला सौदा साहू ट्रेडर्स के जितेंद्र साहू द्वारा सर्वाधिक 5651.25 पैसे की बोली लगाकर लिया गया, साहू ट्रेडर्स द्वारा प्रथम विक्रेता के रूप में कृषक मेहरबान सिंह ग्राम नवरंगपुरा को साफा बांधकर एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया, वही बैलगाड़ी का मुहूर्त गोविंदा ट्रेडिंग कंपनी द्वारा कृषक सुरेशजी देवन खेड़ी की उपज 5100? में क्रय कर किया गया, कृषक सुरेश का भी गोविंदा ट्रेडिंग कंपनी पर स्वागत किया गया, साथ ही उनकी बैलगाड़ी के बेल का भी तिलक लगाकर पूजन किया गया, मुहूर्त की तीसरी बोली में धान की खरीदी मनोज ट्रेडिंग पर 3651 में की गई, मंडी परंपरानुसार यहां भी कृषक का साफा बांध कर सत्कार किया गया। नीलाम के इस अवसर पर सभी व्यापारियों में खासा उत्साह देखा गया, मुहूर्त की इस खरीदी को व्यापारियों द्वारा शुभ संकेत के रूप में देखा गया। मुहूर्त की प्रथम नीलामी के अवसर पर मंडी सचिव मोहन सिंह मालवीय, मंडी इंस्पेक्टर राम सिंह मालवीय, कपिल गोस्वामी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, मंडी व्यापारी अध्यक्ष रूपेश राठौर, सहसचिव जितेंद्र राठौर, पार्षद रवि शर्मा सहित मंडी के सभी व्यापारी उपस्थित थे।दीपावली पर्व पर आयोजित यहां आयोजन व्यापार जगत में समृद्धि एकता और सहयोग का प्रतीक है, लक्ष्मी पूजन और मुहूर्त खरीदी में सभी व्यापारियों में हर्ष देखा गया।

# बाईक रैली निकालकर हुआ विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ

## शहर के प्रमुख चौराहों पर पहुंचकर बाइक राइडर्स ने दी कानून की जानकारी






**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)** विधिक सेवा सप्ताह के शुभारंभ के मौके पर सोमवार को न्यायालय परिसर से एक बाईक रैली निकाली गई। प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाशचंद्र आर्य ने बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त बाईक रैली का आयोजन जिला न्यायाधीश श्रीमति रश्मि मिश्रा, जिला न्यायाधीश प्रवेन्द्र कुमार सिंह, जिला न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती किरण तूमराची धुर्वे, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल की उपस्थिति में किया गया।

इस मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चन्द्र आर्य ने बताया कि हर व्यक्ति को अधिकार है कि उसे न्याय मिले और उसके अधिकारों की रक्षा की जाए। इसी उद्देश्य के तहत न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाएगा।

### बाइक राइडर्स ने लोगों को न्याय की प्रक्रियाओं की दी जानकारी

रैली के दौरान बाइक राइडर्स ने शहर के प्रमुख स्थानों जिसमें पछाड़ीखेड़ा रोड, शनि मंदिर, गांधी पार्क, इंदिरा चैराहा, रेलवे स्टेशन, कलेक्ट्रेट कार्यालय, राजमाता चौराहा आदि स्थानों पर जाकर लोगों से बातचीत की। उन्हें न्याय की प्रक्रियाओं के बारे में बताया और विधिक सेवाओं की जानकारी साझा की। इस रैली ने न केवल लोगों का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि उन्हें यह भी समझाया कि न्याय पाने का अधिकार हर व्यक्ति का है। इस रैली का एक और महत्वपूर्ण पहलू था सुरक्षा। इस दौरान राइडर्स ने हेलमेट पहनने के साथ ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया। राइडर्स द्वारा स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

### जिला जेल में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत स्थानीय जेल परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायधीशों द्वारा निरूद्ध बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में विधिक जानकारी दी गई। शिविर के दौरान प्रत्येक बंदी को प्रदत्त विधिक सहायता मामले की प्रगति से अवगत कराया तथा बंदीगण को आध्यात्मिक एवं आत्मचिंतन हेतु जिला जेल में स्थित लाईब्रेरी से महापुरूषों की जीवनी एवं आध्यात्मिक पुस्तकें पढ़ने हेतु प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में जेल अधीक्षक एस. ए. सिद्धिकी, पैरालीगल वालंटियर, लीगल एड डिफेंस काउंसल के अधिवक्तागण एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

# कलाकार बने जिला मीडिया क्लब के जिलाध्यक्ष



**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)** जिला मीडिया क्लब के संरक्षक पवन जैन ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी गठन के लिए बैठक का आयोजन किया। बैठक में उपस्थित जिला मीडिया क्लब के सदस्यों की सर्वसम्मति से मनोज जैन कलाकार को जिला मीडिया क्लब का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार शिवनारायण कुरौलिया को संरक्षक के रूप में क्लब से जोड़ा गया। मनोज कलाकार के जिला मीडिया क्लब के अध्यक्ष बनाए जाने पर जमकर आतिशबाजी की गई और मिष्ठान वितरण कर जिलाध्यक्ष मनोज कलाकार को बधाई दी गई। इस अवसर पर संरक्षक पवन जैन ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में मनोज कलाकार लंबे समय से सक्रिय हैं। मैं आशा करता हूं कि वे क्लब के सभी सदस्यों को साथ में लेकर पत्रकारों, आमजनों, समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे और शासन-प्रशासन तक आम लोगों की आवाज को पहुंचाकर क्लब के उद्देश्य को पूरा करेंगे। वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मनोज कलाकार ने कहा कि मैं आप लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि क्लब के साथी पत्रकारों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा-पूरा प्रयास करूंगा और सभी को साथ लेकर आगे बढ़ूंगा, जल्द ही मैं अपनी कार्यकारिणी घोषित करूंगा। उन्होंने अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया।

# शहर में विभिन्न स्थानों पर हुआ अन्नकूट का आयोजन, भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी



**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)** शहर की गणेश नवदुर्गा समिति द्वारा गणेश कालोनी में गौण बाबा के चबूतरे पर शनिवार को अन्नकूट प्रसादी वितरण का किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा नागरिकों के सहयोग से मंदिर को फूलों से सजाया गया एवं संगीतमय सुंदरकांड की प्रस्तुति दी गई। समिति द्वारा आरती के बाद अन्नकूट प्रारंभ किया गया, जिसे भक्तों ने बड़ी संख्या में ग्रहण किया। शनिवार को शहर के अनेक मंदिरों में भी अन्नकूट के आयोजन किए गए। इस मौके पर श्रद्धालुओं की कतारें मंदिरों के बाहर देखी गई। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष शहर में अन्नकूट के आयोजन गोवर्धन पूजन के बाद से आरंभ होते हैं।

### तार वाले बालाजी मंदिर पर लगी रही भक्तों को भीड़

शहर के सुप्रसिद्ध तार वाले बालाजी मंदिर पर आयोजित अन्नकूट के दौरान मंदिर के पुजारी पंडित रमेश चंद्र पाराशर ने स्वयं श्रद्धालुओं को अपने हाथों से अन्नकूट वितरित किया। इस मंदिर के बाहर मेन गेट से लेकर मुख्य सड़क तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं रहीं, जहाँ लोगों ने बारी-बारी से प्रसादी ग्रहण की। इसी प्रकार, शहर के सराफा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में भी इस वर्ष अन्नकूट का आयोजन किया गया।

# ब्लड हेल्प ग्रुप के सदस्यों ने शहर के बाहर जाकर किया रक्तदान

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)।** अशोकनगर



ब्लड हेल्प ग्रुप के सदस्य नगर के अलावा अन्य जिलों में भी रक्तदान कर रहे हैं। जिससे मरीजों को उनके ब्लड ग्रुप का रक्त आसानी से उपलब्ध हो पा रहा है। ग्रुप के सदस्य मोहन यादव ने इंदौर में वैभव जैन ने विदिशा में एल, रोहित शर्मा ने भोपाल में एवं राकेश शर्मा ने गुना में भर्ती मरीजों के लिए रक्तदान किए। इनके अलावा करीब एक दर्जन सदस्यों ने नगर के सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के लिए रक्तदान किए जिनमें मनिंदर सिंह, दिलीप शर्मा,अंकुर सोनी, अनिरुद्ध चंदेल, उमाशंकर कुर्मी, कपिल कोठारी,दिव्यांशु रघुवंशी, रितिक यादव,रवि यादव,कुलदीप शर्मा, विवेक जैन,राहुल शर्मा आदि सदस्य शामिल रहे। गौरतलब है कि शहर का ब्लड हेल्प ग्रुप जरूरतमंदों को तत्काल रक्त की उपलब्धता कराता आ रहा है। शहर के निजी एवं सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को जब कहीं भी ब्लड नही मिलता तो ग्रुप के सदस्य तत्काल सहायता उपलब्ध कराते हैं।

# पांच दिन बाद खुली कृषि उपज मंडी, मक्का और सोयाबीन के भाव गिरे

## मक्का के भाव में 250 रुपए की गिरावट, सोयाबीन 100 रुपए टूटा

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)** दीपावली के अवकाश के बाद सोमवार को पांच दिनों बाद कृषि उपज मंडी में डाक नीलामी द्वारा अनाज की खरीद शुरू हुई। पांच दिन के अवकाश के बाद मंडी में मक्का और सोयाबीन के साथ धान की आवक भी बंपर मात्रा में हुई। बंपर आवक के चलते कृषि उपज के भाव भी गिर गए। पांच दिन पूर्व जहां मंडी में मक्का के भाव 2100 से 2500 रुपए बोले जा रहे थे वहीं सोमवार को जब मंडी खुली तो अच्छी क्वालिटी की मक्का के भाव 2250 रुपए प्रति क्विंटल तक ही बोले गए। वहीं मंडी बंद होने के पूर्व सोयाबीन के भाव 4600 रुपए क्विंटल चल रहे थे वह सोमवार को 4500 तक ही सीमित रह गए। इसी तरह मंडी में बासमती किस्म की धान 1718 के भाव 2800 से



3200 रुपए क्विंटल तक ही सीमित रहे। इस तरह से पांच दिन बाद मक्का में लगभग 250 रुपए एवं सोयाबीन में 100 रूपये क्विंटल की मंडी रही।

### रविवार सुबह से ही मंडी में पहुंचने लगे थे किसान

मंडी में बंपर आवक की आशंका से रविवार सुबह से ही मंडी में किसानों का आना प्रारंभ हो गया था। खरीद शुरू हुई तो कल से हो डेरा डाले बैठे किसानों को उनकी उपज का भाव पहले की तुलना में कम मिला। भाव की मार के साथ किसानों को मंडी प्रशासन की तौल व्यवस्था के कारण भी समय खराब करना पड़ रहा है। मंडी में एक ही बड़ा तौल काटा है जिस पर एक ही ट्राली तुल सकती है। ऐसे में तौल के लिये ट्रालियों की लंबी कतारे लगी हुई है। व्यापारियों द्वारा अपने फड़ों पर छोटे काटों पर तुलाई बंद कर दी गई है। किसानों का कहना है कि अगर छोटी तौल छोटे काटें पर और बड़ी तौल बड़े काटें पर हो तो समय की बचत हो सकती है। परन्तु निवेदन के बाद भी न तो व्यापारी मान रहे हैं और न ही मंडी प्रशासन उन्हें ऐसा करने के लिये आदेशित कर रहा है। किसानों को अपनी फसलों को बेचने में दो-तीन दिन का इंतजार करना पड़ रहा है।

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)** मध्यप्रदेश के 69वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को जिला मुख्यालय स्थित माधव भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी, अशोकनगर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया,जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलिवत कर किया गया।स्थापना दिवस कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालयों के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। साथ ही स्थानीय कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से देश प्रेम एवं मध्यप्रदेश व अशोकनगर के प्रेम को प्रदर्शित करती हुई रचनाओं की प्रस्तुतियां दी।






कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने कहा कि विकसित भारत के साथ विकसित मध्यप्रदेश की रूपरेखा बनाकर प्रदेश को अग्रणी राज्य में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने कार्य की प्रति अक्षुण्ण रहना है और प्रगति के पथ पर अग्रसर होना है। उन्होंने समावेशी विकास पर जोर देते हुए कहा कि विकास के मापदंड तय कर सभी को आगे आना होगा। सभी मिलकर अंतिम पायदान के व्यक्ति को आगे लाने का प्रयास करना होगा। हम सभी संकल्प लें कि प्रदेश में सर्वोच्च उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समावेशी विकास का रोल मॉडल प्रस्तुत करें। इस कार्य के लिए ज्यादा मेहनत और एकाग्रता के साथ कार्य किये जाएं।

कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भी संबोधित किया। उन्होंने सभी जिलेवासियों को मध्यप्रदेश 69 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

**छात्रों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां**-मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के मौके पर सीएम राईज विद्यालय की छात्राओं द्वारा मेरा मध्यप्रदेश पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कुमारी प्रज्ञा सक्सेना द्वारा भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत कहिया गया। कार्यक्रम में श्री रामकुमार शर्मा मंडल द्वारा भजन एवं देशभक्ति पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए। इस दौरान याकूब खान द्वारा देशभक्ति गीत देखो वीर जवानों अपने खून पर पर ये इल्जाम न आए की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कवि श्री जगदीश शर्मा द्वारा अपना मध्यप्रदेश देश का हृदय दया उपकार भरा की प्रस्तुति, कवि रेंज भार्गव द्वारा मां सरस्वती जी की वंदना एवं कवि दूधनाथ मधुकर द्वारा है फूलों से भी प्यारा कलियो से भी हंसी है, मेरे जिले के जैसा कोई जिला नहीं है, की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन बलवीर सिंह बुंदेला एवं आभार प्रदर्शन मुख्य नपा सीएमओ विनोद उन्नीतान ने किया।

# अज्ञात कार ने मारी मोटरसाइकिल को टक्कर, महिला की मौत

**अशोकनगर (चम्बल नवराष्ट्र)** जिले के



रहटवास गांव के समीप रविवार को एक अज्ञात कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक पर पीछे बैठी महिला की मौत हो गई जबकि महिला का पति और एक बालक घायल हो गया। घायलों का इलाज शासकीय चिकित्सालय में चल रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल में महिला के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार को भाई दूज के मौके पर बिन्ना बाई पति टीकाराम अपने 16 साल के पोते अरुण को लेकर अपनी बेटी के यहां डोंगर गए थे।

# अस्पताल के सामने जाम, कभी भी हो सकता है काम तमाम

## अस्पताल प्रबंधन लाचार, मरीज हो रहे परेशान, यातायात प्रभारी का हाईवे पर बसूली पर रहता है ध्यान





**आकाश यादव**

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** जिला अस्पताल में व्याप्त यातायात व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही हैं, हांलाकि जिला चिकित्सालय प्रंबधन समिति द्वारा यहां वाहन स्टैंड के लिए ठेका व्यवस्था भी की गई है, परंतु यातायात पुलिस का सहयोग नहीं होने से लोगों के द्वारा बीच सड़क पर वाहन लगा दिये जाते है, जिससे जिला अस्पताल का मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, कुछ दिन पूर्व जिला कलेक्टर संदीप कुमार माकिन द्वारा पूरा मामला संज्ञान में लेते हुये संम्बन्धित को आवश्यक निर्देश भी दिये थे,जिससे कुछ दिनो तक हालात सही रहे लेकिन वर्तमान में व्यवस्था बहुत ही नाजुक बनी हुई है, स्टैंड ठेकेदार जहां प्रशासनिक सहयोग न मिलने की बात कर रहे है, वहीं दुकानदार भी अपनी परेशानी का बखान कर रहे है। लेकिन यातायात प्रभारी का शहर की यातायात व्यवस्था पर ध्यान ही नही रहता है, उनका ध्यान तो सिर्फ नेशनल हाईवे झांसी ग्वालियर मार्ग ह.॥ 44 पर या फिर दिनारा -शिवपुरी मार्ग पर रहता है, जहां से उन्हे रोजाना पांच से दस हजार रुपये की ऊपर की आमदनी होती है। अस्पताल के आगे दिन भर जाम के हालात बने रहने से मरीजों एवं उनके अटेंडरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जाम में फंसने के कारण एंबुलेंस में आने वाले मरीजों की जान पर बन आती है।कभी कभार तो जाम के चलते कई बार हादसे भी हो जाते हैं। शहर की यातायात पुलिस एवं अस्पताल प्रबंधन का इस परेशानी की तरफ कोई ध्यान नहीं है।

# दतिया की बेटी राधा यादव ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स 400 एवं 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता

## राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता रांची झारखंड के लिए दतिया की राधा यादव का चयन

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)**- मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 68वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन जिला छतरपुर में 3 से 7 नबम्वर 2024 तक किया जा रहा है जिसमें ग्राम पंचायत लरायटा दतिया की बेटी राधा यादव के 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ मै शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता और अपने माता-पिता के साथ-साथ पीतांबरा नगरी दतिया जिले का नाम भी रोशन किया राज्य प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 10 संभाग की बालिकाएं भागीदारी कर रही थी जिन्हें पराजित करते हुए 25 नबम्वर 2024 से राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता रांची झारखंड के लिए अपना स्थान पक्का किया इस अवसर खेल एव युवा कल्याण विभाग के



ग्रामीण युवा केंद्र विकासखंड दतिया के युवा समन्वयक संजय रावत ने राधा यादव के शानदार प्रदर्शन और राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की।

# रावतपुरा कॉलेज परिसर में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा 69वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)**- कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 05 नवम्बर को दोपहर 02 बजे रावतपुरा कॉलेज परिसर में बड़े ही धूम-धाम एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा को दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित/उत्पादित सामग्री की प्रदर्शिनी डीपीएम ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा लगाई जायेगी। कॉलेज परिसर में अकास्मिक चिकित्सा एंव एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुनिश्चित करेंगें। माकिन ने निर्देशित किया है कि आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्यरत समस्त जिला अधिकारी अपने-अपने विभागीय कर्मचारी के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देशित किया है कि म.प्र. स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 05 नवम्बर 2024 को साफ-सफाई करने के पश्चात रंगोली बनायी जाए तथा म.प्र. स्थापना दिवस कार्यक्रम पर जिले के समस्त कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों की साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे। म.प्र. स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुलिस बैंड की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

# जिला स्तरीय समन्वयक समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक का आयोजन 11 को

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)**- कलेक्टर संदीप कुमार माकिन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वयक समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की सितम्बर तिमाही बैठक का आयोजन 11 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 3.30 बजे कॉन्फ्रेंस हॉल, नवीन कलेक्ट्रेट भवन दतिया में आयोजन किया जाएगा। कृपया उक्त समय पर परिसर में बैठक कार्यवाही में उपस्थित होने की कृपा करें।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लिए दूसरे कैंप 08 नवम्बर को लगाएं जाएगें

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)** - कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत शेष रहे सभी पात्र हितग्राहियों का बीमा कराकर पंचायत में शत प्रतिशत सेचुरेशन प्राप्त करने हेतु विशेष शिविर 23 अक्टूबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक अभियान के रूप में पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में दूसरा कैंप 08 नवम्बर को निम्न पंचायतों में आयोजित होगा।

कुर्थरा, बसई, भरौली, खदरावनी, डोहर, नन्वाहा, डावनी, भडोना, कतिलि, सेरसा, गुलमउ, राजापुर, पडरी, उचाड़, टेंटना, सुनारी, करखड़ा, नडाई, रिछरा, उर्दना, मोहनपुरा, सोहन,तोरी, पिपरउंकला, बगुरधान फिरोज, बनोली, राधापुर, चिरूला, ररूआजीवन, खेरीदेवता, बिल्हेरीखुर्द, रामसागर, कसेरूआ, सिनावल, जिगना, रिछारी, मुरेरा, जनौरी, सतारी, पथारा, बडेरा, ललुआ,पंडोखर, चीना, बसई एवं रूहेरा में आयोजित होंगे।

कैंप पंचायत भवन या पंचायत द्वारा चिन्हित स्थल पर प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होंगे। जिला अग्रणी बैंक एलडीएम यह सुनिश्चित करेंगे कि कैंप में बैनर आदि समय से पूर्व लग जाए तथा बैंक कर्मचारी भी निर्धारित कैंप तिथि को अनिवार्य रूप से कैंप में उपस्थित रहे। बैंक कर्मचारी कैंप स्थल पर ही तत्काल बीमा पंजीयन हेतु अपने साथ आवश्यक साधन यथा बैंक मित्र, बायोमेट्रिक डिवाइस, लैपटॉप, स्टेशनरी आदि उपलब्धता के अनुसार आवश्यक रूप से लेकर आएंगे। कैंप की प्रगति रिपोर्ट कैंप के दिन ही आवश्यक रूप से एलडीएम कार्यालय को उपलब्ध करवाए जिससे उसे पोर्टल पर अपडेड किया जा सके। यदि अपरिहार्य कारण से कोई बैंक कर्मचारी अनुपस्थित रहता है तो कैंप के लिए कर्मचारी की वैकल्पिक व्यवस्था संबधित शाखा प्रबंधक द्वारा की जावे।

# बाइक रैली एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

दतिया (चम्बल नवराष्ट्र) - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राजनीतिक सेवाप्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 4 नवंबर से 9 नवंबर तक न्याय उत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्तर पर बाइक रैली एवं जिला जेल दतिया में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया,सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया,इसके पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव श्रीवास्तव द्वारा बाइक रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया, उक्त बाइक रैली में पैरालीगल वॉलिंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्ता, पुलिस प्रशासन के कर्मचारीगण तथा अन्य






स्वयंसेवी संगठन के द्वारा उक्त बाइक रैली में भाग लिया गया, बाइक रैली जिला न्यायालय दतिया परिसर से प्रारंभ होकर दतिया के विभिन्न मुख्य मार्ग से होते हुए मां पीतांबरा चौक पर समाप्त हुई,इस अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण अपर कलेक्टर कमलेश भार्गव अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।इसके पश्चात जिला जेल दतिया में सचिव विवेक शिवहरे की अध्यक्षता में बंदियों को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं प्रत्येक बंदी को प्रदत्त विधिक सहायता मामले की प्रगति से अवगत कराया गया, इस अवसर पर बीएम सिंह जिला विधिक सहायता अधिकारी ओपी पांडे जेल अधीक्षक जेल कर्मचारी गण एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

# पांच दिन से पानी की बोरिंग मशीन खराब

## टाउनहॉल सुलभ कॉम्प्लेक्स मे पसरी गंदगी




**सतेन्द्र भार्गव**

**दतिया (चम्बल नवराष्ट्र)।** दतिया नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 25 के टाउनहॉल सुलभ कॉम्प्लेक्स मे पसरी गंदगी। कॉम्प्लेक्स संचालक ने बताया की पांच दिन से पानी की बोरिंग मशीन खराब पडी है। इसी बजय से साफ सफाई नही हो पा रही है। वरिष्ठ अधिकारी को अवगत करा दिया है इसके बाद भी अभी तक पानी की बोरिंग मशीन खराब पड़ी हुई है, नगर पालिका दतिया के कर्मचारी की लापरवाही देखने को मिल रही है दैनिक चम्बल नवराष्ट्र के संवाददाता के द्वारा सफाई कर्मचारी प्रेम को कॉल लगाया परंतु सफाई कर्मचारी द्वारा कॉल भी नहीं उठाया गया।

# टोल मांगने पर कर्मचारी की पिटाई, कम्प्यूटर सहित अन्य सामान में की तोड़फोड़



**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** उज्जैन-जावरा मार्ग पर चकरावदा के पास बने टोल नाके पर बीती रात टोलकर्मी के साथ जमकर मारपीट की गई। इस दौरान वहां रखे कम्प्यूटर सहित अन्य सामान को भी आरोपियों ने तोड़ दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना का सीसीटीवी सामने आने के बाद भी थाना भैरवगढ़ ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया है।

रविवार रात करीब 8ः55 बजे दो लोगों ने मिलकर उज्जैन-जावरा रोड के टोल टैक्स कलेक्शन के लिए चकरावदा में बने टोल नाके पर काम करने वाले उन्हेल निवासी जितेंद्र राजपूत के साथ मारपीट कर दी। जितेंद्र ने बताया कि उज्जैन-जावरा टोलवेज प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी टोल टैक्स कलेक्शन का काम करती है। इसके लिए मैं रात की शिफ्ट में था। अपनी कार लेकर आया अभिषेक कुमावत बिना टोल दिए गाड़ी निकालना चाहता। मैंने उससे जब गाड़ी नंबर पूछा तो उसने मुझे देख लेने की धमकी देते हुए टोल तोड़कर फरार हो गया। कुछ देर बाद अभिषेक अपने दो साथियों के साथ दोबारा टोल पर पहुंचा, इसके बाद वो सबसे पहले टोल रूम में घुसे, इसके बाद उन्होंने मेरे साथ मारपीट करते हुए वहां रखा कंप्यूटर तोड़ दिया। इसके बाद दोनों आरोपी ने बाहर लाकर भी मेरे साथ मारपीट की।इधर घटना की शिकायत लेकर भैरवगढ़ थाने पहुंचे तो वहां भी हमारी सुनवाई नहीं हुई।

# उज्जैन में आरा मशीन के पास लकड़ी में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया काबू



**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** उज्जैन में सोमवार सुबह योग माया मंदिर के पास शिप्रा एंटरप्राइजेस आरा मशीन में आग लग गई। दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

आरा मशीन के संचालक फजल बेग और भय्यू भाई ने बताया कि वे रविवार शाम सात बजे आरा मशीन बंद करके घर गए। आग की सुचना पर जब पहुंचे, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग से मशीन सहित कई क्विंटल लकड़ी जल गई। करीब 4.50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आशंका है कि पटाखे की वजह से आग लगी होगी।

दमकल कर्मी अंकित राजपूत ने बताया कि मशीनों और लकड़ी में लगी आग पर जल्द काबू पा लिया गया था। मौके पर तीन फाइटर गाड़ी पहुंचाई गई थी।

# नगर में धूमधाम से निकली कार्तिक माह की पहली सवारी, मनमहेश स्वरूप में बाबा महाकाल ने दिए दर्शन



**उज्जैन (चम्बल नवराष्ट्र)।** श्रावण-भाद्रपद माह की तरह श्री महाकालेश्वर भगवान जी की कार्तिक माह की पहली सवारी सोमवार को सभामंडप में सायं 4 बजे विधिवत पूजन-अर्चन के बाद राजसी ठाट-बाट के साथ निकाली गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ ने बताया कि भगवान श्री महाकालेश्वर श्री मनमहेश के रूप में अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले।श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी में पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के जवान आदि के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर से गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार कहारवाड़ी होते हुए रामघाट क्षिप्रातट पहुंची। वहां मां क्षिप्रा के जल से पूजन-अर्चन पश्चात भगवान महाकाल की सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, मोड की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होते हुए पुनः महाकाल मंदिर पहुंची।

## जिले में 9 नवंबर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह होगा आयोजन

**देवास।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष में न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अजय प्रकाश मिश्र ने आज जिला न्यायालय परिसर से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। जिले में 4 से 9 नवंबर तक न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन होगा। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अजय प्रकाश मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा जिले में दिनांक 4 से 9 नवंबर 2024 तक न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उक्त योजनाओं का आमजनों को लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी व जन सामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा बाइक रैली, मैराथन रेस, विधिक सहायता योजनाओं की प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता नुक्कड़ नाटक का आयोजन सम्पूर्ण जिले में किया जाएगा।

# घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जा रहे



**रतलाम।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत रतलाम जिले में घरों पर सोलर पैनल लगाए जाने का काम किया जा रहा है। छतों पर सोलर प्लेट्स के माध्यम से सौर ऊर्जा जनरेट की जा रही है। अभी 881 घरों पर सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन अनुमोदित किए जा चुके हैं, 261 घरों पर सोलर प्लेट्स लगाई जा चुकी है। योजना का लाभ लेकर आम नागरिक अपने बिजली के बिल में भारी कमी कर सकते हैं। योजना में अनुदान भी दिया जाता है। उक्त जानकारी सोमवार को आयोजित बैठक में दी गई। कलेक्टर श्री राजेश बाथम ने योजना का व्यापक प्रचार प्रसार जिले में करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सीईओ जिला पंचायत श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री विद्युत श्री फ्रैंकलीन बेंजामिन, जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी उज्जैन श्री श्रेयांश उईके, जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी देवास श्री गिरीश शर्मा, सहायक यंत्री विद्युत रतलाम सुश्री अनिकेता विंचुरकर, आईटीआई प्राचार्य श्री यू.पी. अहिरवार आदि उपस्थित थे।

उक्त योजना में शासन द्वारा अनुदान लाभ दिया जा रहा है। योजना का लाभ लेकर आम उपभोक्ता अपने घर का बिजली का बिल उल्लेखनीय रूप से कम कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत रतलाम जिले में एक मॉडल सोलर ग्राम भी बनाया जाएगा, इसके लिए उपयुक्त ग्राम चिन्हित करने की कार्रवाई जारी है। मॉडल सोलर ग्राम के लिए शासन द्वारा एक करोड रुपए अनुदान का प्रावधान है। मॉडल सोलर ग्राम के शत-प्रतिशत घरों की छतों पर बिजली के लिए सोलर पैनल स्थापित किए जाएंगे। गांव में कृषि पंप, स्ट्रीट लाइट, व्यवसाय आदि सोलर से ही चलेंगे।प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना अंतर्गत शासन द्वारा 1 किलोवाट पर 30 हजार रुपए, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपए तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 78 हजार रुपए अनुदान लाभ प्रदान किया जाता है। घर में 3 किलोवाट क्षमता स्थापित करने पर एक लाख 80 हजार रुपए तथा 5 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगाने पर 2 लाख 80 हजार रुपए खर्च आता है।

# उद्योगों को लीज पर दी गई भूमि की समयावधि का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें

## कलेक्टर बाथम ने बैठक में उद्योग विभाग को दिए निर्देश




**रतलाम।** कलेक्टर श्री राजेश बाथम ने जिला उद्योग विभाग को निर्देशित किया है कि रतलाम औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों को लीज पर दी गई भूमि की समयावधि का सत्यापन कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर द्वारा महाप्रबंधक उद्योग श्री अमरसिंह मोरे को यह भी निर्देश दिए गए कि व्यक्तियों या उद्योगों को जिस प्रयोजन से भूमि आवंटित की गई थी, उसी अनुसार भूमि का उपयोग किया जा रहा है अथवा नहीं, सत्यापन जांच करते हुए रिपोर्ट दी जाए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन कार्य की भी विस्तृत समीक्षा की, अधिकारियों को शिकायतों के तेजी से निपटारे के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव पांडे, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय शर्मा, सुश्री राधा महंत तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में लंबित शिकायतों की जांच के संबंध में अपडेट जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सूचीबद्ध रूप से उन तथ्यों से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया जिनमें विभिन्न घटनाक्रमों में जिला चिकित्सालय में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है अथवा जांच की जा रही है। जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को विभागीय कार्यवाहियां सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जिले की नल जल योजनाओं की विशेष रूप से समीक्षा 5 नवंबर को जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक में की जाएगी जो दोपहर में आयोजित होगी। कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री गोविंद भूरिया ने बताया कि सेमलिया नल जल योजना का कार्य आगामी 10 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा।मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की कलेक्टर ने विशेष रूप से समीक्षा की, खासतौर पर ऊर्जा, खाद्य एवं आपूर्ति, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मेडिकल कॉलेज, शहरी विकास अभिकरण के अधिकारियों को ज्यादा संख्या में शिकायतों के लंबित होने के कारण समय सीमा नियत करते हुए निपटारे हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजिस्ट की पूर्ति के लिए शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए, साथ ही कॉलेज की बाउंड्रीवॉल की ऊंचाई में बढ़ोतरी के संबंध में भी कार्यवाही से अवगत हुए। कलेक्टर ने जिला प्रभारी मंत्री खिड़की में आए आवेदनों के निराकरण के बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**रतलाम।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 4 नवम्बर से 9 नवम्बर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को एडीआर सेंटर, जिला न्यायालय परिसर से बाईक रैली के प्रचार वाहन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री उमेश पाण्डव की अध्यक्षता एवं विशेष न्यायाधीश श्री प्रयागलाल दिनकर, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री रामजी गुप्ता, जिला न्यायाधीश श्री संजय कुमार जैन, जिला न्यायाधीश श्री आदित्य रावत, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो श्रीमती नीलू संजीव श्रृंगीऋषि, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्री निर्मल मंडोरिया, जिला न्यायाधीश श्री आशीष श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश श्री अरविन्द श्रीवास्तव, जिला न्यायाधीश श्री राजेश नामदेव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मयंक मोदी, व्यवहार न्यायाधीश सुश्री सपना कनोडिया, व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती मुग्धा कुमार, व्यवहार न्यायाधीश श्री अतुल श्रीवास्तव, व्यवहार न्यायाधीश सुश्री प्रगति असाटी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्री राजीव उबी आदि की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जिला न्यायाधीश श्री संजय कुमार जैन ने बताया कि रैली के शुभारंभ अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी एवं अधिकारीगण, पुलिस प्रशासन, होमगार्ड, विधि महाविद्यालय के छात्रगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, लीगल एंड डिंफेस काउसेंल के अधिवक्तागण शामिल हुए और रैली के समय अपने हाथों में विधिक जागरूकता, मीडिएशन, लोक अदालत आदि के स्लोगन की तख्ती लेकर संपूर्ण शहर में पंपलेट्स वितरित किए गए।

## पांढुर्णा की घटना पर कमलनाथ ने उठाए सवाल

# दोषियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग, नाबालिग को उल्टा लटकाकर सुंघाया था मिर्ची का धुआं





**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र ) ।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने पांढुर्णा की घटना पर निंदा की है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसी किसी हरकत के लिए कोई जगह नहीं है। साथ ही उन्होंने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।कमलनाथ ने अपने सोशल मीडिया एक्स (ट्व) अकाउंट पर पोस्ट कर लिखा- पांढुर्णा में छोटे बच्चे को उल्टा लटकाकर पीटने और उसके बाद दो बच्चों को मिर्ची का धुआं लगाने का वीडियो सामने आया है। यह घटना अत्यंत निंदनीय है। सभ्य समाज में ऐसी किसी हरकत के लिए कोई जगह नहीं है। मैं स्थानीय प्रशासन से इस मामले के सभी दोषियों पर सख़्त कार्रवाई करने की माँग करता हूं।

आगे कहा कि इसके साथ ही पांढुर्णा और पूरे मध्य प्रदेश की जनता से आग्रह करता हूं कि छोटे-छोटे मामलों में इस तरह से धैर्य खो देना और बच्चों को बर्बरता से दंडित करने की मानसिकता बहुत ख़तरनाक है। यदि किसी तरह का अपराध होता है या कोई बाल अपचार करता है तो क़ानून के मुताबिक़ कार्रवाई करनी चाहिए न कि क़ानून हाथ में लेकर बच्चों के साथ इस तरह का बर्बरतापूर्ण व्यवहार करने लगना चाहिए। इस तरह की घटनाएं ना सिर्फ़ बच्चों पर अत्याचार करती हैं, बल्कि समाज के सामने हमारे क्षेत्र का सम्मान भी कम करती हैं।

दरअसल, पांढुर्णा के मोहगांव में दो युवकों ने 14 वर्षीय बच्चे को रस्सी से बांधकर उल्टा लटका दिया और डंडे से उसकी पिटाई की। आरोपियों ने बच्चे पर घड़ी चोरी का आरोप लगाते हुए उसे मिर्च की धुनी दी। बच्चे ने छोड़ देने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपियों को उस पर रहम नहीं आया। इसके अलावा बच्चे के 12 वर्षीय दोस्त को भी पकड़ा गया और उसे भी मिर्च की धुनी दी गई। यह यह घटना 1 नवंबर की है, जिसका वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। बच्चे के पिता ने वीडियो देखने के बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसके आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## रायसेन में वन विभाग अलर्ट ड्रोन कैमरा डॉग स्क्वायड टीम सहित बाघ को पकड़ने रखा पिंजरा



**रायसेन ( चम्बल नवराष्ट्र )।** जिले के ग्राम दिमाड़ा में बाघ की दहशत बरकरार है। जिले भर के लगभग 55 वन कर्मी यहां डॉग स्क्वायड टीम के साथ हाथों में लाठियां लेकर पहुंचे। इसके बाद योजना बनाकर गोहिया नाले के नजदीक बाघ को पकड़ने पिंजरा लगाया गया है पिंजरे में बकरी को बांधा गया है।बाघ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू टीम ने योजनाबद्ध तरीके से पिंजरे में बकरी को बांध दिया है। ताकि जैसे ही टाइगर बकरी का शिकार करने वहां पहुंचे और पिंजरे में कैद हो जाए। मालूम हो कि बाघ का मूवमेंट पिछले 5 दिनों से यहां देखा जा रहा है।

वहीं आसपास के ग्रामीण भय के साये में जी रहे हैं। रविवार को सुबह से बाघ का रेस्क्यू चल रहा है लेकिन बाघ का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। अब वन कर्मी यहां डेरा डाले हुए हैं। वह सामूहिक रूप से भोजन भी करते देखे जा रहे हैं। रायसेन जिले से वनकर्मियों की टीम सुल्तानपुर, बाड़ी, बम्होरी, गौहरगंज, विवेका से रेस्क्यू जारी है और 55 वन कर्मी यहां पर मौजूद हैं।

## चम्बल नवराष्ट्र की खबर पर हरकत में आई नगरपालिका..

# खुले में किया मांस विक्रय तो लाइसेंस होगा निरस्त





शहर में खुलेआम चल रही 50 से अधिक बिना लाइसेंस की मीट दुकानें

**सिरोंज ( चम्बल नवराष्ट्र )।** शहर में 50 से अधिक दुकानों पर खुलेआम हो रहे मांस विक्रय को लेकर नगरपालिका ने संज्ञान लिया है। सोमवार सुबह नगरपालिका अध्यक्ष ने अमले के साथ इन दुकानों पर पहुंचकर चेतावनी दी कि यदि आगे से कोई भी दुकानदार खुले में मांस का विक्रय करते पाया गया तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि

दैनिक चम्बल नवराष्ट्र ने इस मामले को लेकर 19 अक्टूबर के अंक में प्रमुखता से एक खबर प्रकाशित की थी। खबर पर संज्ञान लेते हुए नगरपालिका परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं संबंधित वार्ड पार्षद द्वारा सुबह-सुबह नगर पालिका अमले द्वारा खुलें मांस विक्रय करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें लाइसेंसधारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में अब खुले में मांस बेचा जाएगा तो आपका लाइसेंस रद्द की कार्रवाई की जाएगी एवं मांस विक्रय हेतु स्थान को साफ रखें वह पर्दे में एवं कांच में कवर करके अपने व्यापार को सुचारू रूप से संचालित करें अन्यथा आप लोगों पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। जिस की समस्त जबाबदारी आप की की स्वयं रहेगी मुख्य नगरपालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई रोज सुबह-सुबह नगर पालिका द्वारा की जाएगी जिसमें दोषी पाए जाने पर लाइसेंसधारी के विरुद्ध वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी जिसकी समस्या जवाबदारी लाइसेंस धारी की होगी। इस निरीक्षण दौरान अध्यक्ष मनमोहन साहू उपाध्यक्ष मनोज शर्मा जी मौजूद रहे।

# हाथियों के मुद्दे पर मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ की सरकारें मिलकर निकालेंगे समाधान: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल ( चम्बल नवराष्ट्र )।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में गत दिनों हुई 10 हाथियों की मौत के बाद विंध्य क्षेत्र में चुनौती बन रहे हाथियों के मुद्दे पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकारें मिलकर समाधान निकालेंगी।

आज शाम छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर रायपुर में होने वाले राज्योत्सव में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हाथियों के मुद्दे पर चर्चा करेंगे।

यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मोहन यादव ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष एक विषय और रखूंगा। मध्य प्रदेश में हाथी से संबंधित जो आकस्मिक घटनाएं हो रही हैं, उन पर भविष्य में दोनों राज्य मिलकर समन्वय करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री साय के सामने भी यह विषय लाऊंगा कि छत्तीसगढ़ से जब ये हाथी हमारे यहां आते हैं, तो दोनों सरकारें मिलकर फॉरेस्ट का ऐसा तालमेल बनाएं कि ऐसे बड़े जानवरों के बड़े दल आने के कारण से आकस्मिक रूप से जो दूसरी स्थिति बनती है। उससे बचने के लिए हम एक-दूसरे के संपर्क में रहें। मेरी ओर से इस उत्सव के आनंद और भविष्य में होने वाली कठिन चुनौतियों को लेकर हम मिलकर बात करेंगे।

उन्होंने कहा कि मप्र से एक हिस्सा निकल कर छत्तीसगढ़ अलग हुआ है। इस राज्य गठन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की महत्वपूर्ण भूमिका है। बीच में छत्तीसगढ़ थोड़ा सा समय काफी पिछड़ गया था। मुझे संतोष है कि हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनका मंत्रिमंडल छत्तीसगढ़ को विकास के नए मुकाम तक पहुंचा रहे हैं। आज राज्य उत्सव का आयोजन किया है उसमें मुझे मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया है। मप्र का छत्तीसगढ़ का गहरा रिश्ता है। विकास और कई कारणों से हमारे आपस के संबंध हैं। विकास के मामले में हम नए संकल्प लेंगे ताकि मप्र छत्तीसगढ़ मिलकर आगे बढ़ें।

# ईश्वर की शो हर दिन आता हूं वेयरहाउस के चक्कर लगाने को- राजीव शर्मा

## डी ए पी खाद की कमी से परेशान किसान, सरकारी गोदाम से गायब डी ए पी निजी दुकानों पर 2200रुपए तक मिल रहा, अधिकारी अनजान





**सिरोंज ( चम्बल नवराष्ट्र )** दीपवली बीतने के साथ ही बोहनी का समय भी बीतता जा रहा है मगर डी ए पी खाद की कमी दूर नहीं हो पा रही है द्य दीपावली की छुट्टी ख़त्म होने के बाद किसान सुबह 6 बजे से सरकारी खाद गोदाम पर डी ए पी खाद लेने जमा हो गए, सबने अपनी अपनी बही लाइन में लगा दीं लेकिन 10 बजे पाता चला कि गोदाम में डी ए पी खाद आया ही नहीं है द्य सावन खेड़ी के किसान अशोक ने बताया कि सुबह 6बजे से लाइन में लगे है, चार बीघा जमीन है हमारे पास 2-3 बोरी डी ए पी खाद मिल जाती तो काम बन जाता द्य पगरानी के किसान राजीव शर्मा ने सवाल उठाते हुए कहा कि भगवान कसम 15 दिन से रोज इस सरकारी खाद गोदाम के चक्कर लगा रहा हुँ खाद नहीं मिल रही, मेरी पलेवा कि हुई गीली जमीन सूख गई द्य अब आप जानो ये कर्मचारी जाने और सरकार जाने खाद क्यों नहीं मिल रही? सिरोंज के छतरी पर, लटेरी, आनंद पुर में प्राइवेट दुकानों पर 2200 रुपए में ब्लेक में खूब डीएपी खाद मिल रहा है उनकी खूब कमाई हो रही है इधर गोदाम पर किसान परेशान है द्य जिले में खाद कि रेक लग चुकी है सिरोंज की कुछ सोसायटीयो में खाद आ भी गई लेकिन अधिकांश किसानो की अभी खाद नहीं मिल पाई द्य मध्यप्रदेश विपरण संघ के गोदाम में अभी खाद नहीं आई है जंहा लोग महीने भर से चक्कर लगा रहे है द्य सिरोंज एग्रीकल्चर ह्यस्त्रश वीरेंद्र मालवीय ने बताया की मार्किफ़ेड के डी एम ओ और कलेक्टर सर डिसाइड करते है की खाद कैसे वितरित होगी द्य डबल लॉक के लिए अभी खाद आवंटित नहीं हुई है द्य जो खाद सोसाइटी में आई है उसमे ऐ काफ़ी खाद रसूख दार किसानों ने ले ली आम किसान डी ए पी के लिए परेशान ही है

### इनका कहना



डीएपी लेने आएं साहब हम तो अभी घंटा हो गयो साहब अभी नहीं मिलों है 12 बीघा की जमीन है साहब पानी तों हो गयों है अब डीएपी मिल जाए तो बोबनी शुरू कर दे अगर नहीं मिलती है तो साहब फिर ऐसे ही बोना पड़ेगा जो भी भगवान को देना होगा वहीं मिलेगा बाजार में डीएपी 2200 रुपए मिल रही है

**किशनलाल जाटव**
**किसान ग्राम सिद्धि गंज**



हम तो साहब पगरानी से आएं है ओर हमारी जमीन तो अब करारी हो गई है डीएपी मिल नहीं रहा है सरकार जाने ओर कर्मचारी जाने हम तो लाइनों में लगे हैं साहब 15 दिन हों गए हैं ईश्वर की शो हर दिन आता हू जा वेयरहाउस के चक्कर लगाने को दुकानदार दे रहे 2200 रुपए की बोरी साहब बाजार में खुब मिल रहा है इनकी हो रही खुब कमाई

**राजीव शर्मा**
**किसान ग्राम पगरानी**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विनीत गुप्ता, एम.आई.आफसेट वर्क्स, 91, रशीदिया स्कूल के पास बरखेड़ी, भोपाल से मुद्रित तथा सीओ मो. नफीस कुरैशी 91, रशीदिया स्कूल के पास, बरखेड़ी, भोपाल-462008 से प्रकाशित। सम्पादक: विनीत गुप्ता मो. 8889307028, कार्यकारी सम्पादक महेन्द्र राय। RNI No. MPHIN/2018/77427 ( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। )